सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 24 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर राजभवन से प्रदेश के 80 विद्यालयों के लिए डिजिटल शिक्षण सामग्री के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति द्वारा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के आर्थिक सहयोग से राज्य के पांच जिलों के 80 राजकीय विद्यालयों को आधुनिकतम गुणवत्तायुक्त डिजिटल शिक्षण सामग्री प्रदान की गई है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि इस पहल से डिजिटल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल सुदूरवर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनके शैक्षिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम बेहद प्रशंसनीय है और शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के प्रयास सराहनीय हैं। ये वर्चुअल क्लासेस उपकरण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति ने हमेशा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर राज्यपाल सचिव श्री रविनाथ रामन, उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति के अध्यक्ष वी. एन. शर्मा, महासचिव के. एल. नौटियाल, सलाहकार डॉ. जे. पी. जोशी, श्यामलाल सुंदरियाल, डॉ. दीपक सुंदरियाल, एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक प्रभाकर मिश्रा और इंजीनियर अमित जिंदल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

............0............